ब्रह्मकुमारी बहनों ने जिला जेल में ईश्वरीय रक्षा सूत्र पर्व मनाया

झाबुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा जिला जेल में ईश्वरीय रक्षा सूत्र का पावन पर्व मनाया। रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा की मानव स्वभाव से ही स्वतंत्रता प्रेमी है, अत: वह जिस बात को बंधन समझना है, उससे छुटने का प्रयत्न करता है, परंतु रक्षाबंधन को बहने और भाई त्यौहार अथवा उत्सव समझकर खुशी से मनाते है। यह एक न्यारा और प्यारा बंधन है। बंधन दो प्रकार के होते है, एक ईश्वरीय बंधन और दूसरा सांसारिक अर्थात कर्मों का बंधन। ईश्वरीय बंधन से मनुष्य को सुख मिलता है, परंतु दूसरे प्रकार के

बंधनों से दुख की प्राप्ति होती है। रक्षाबंधन ईश्वरीय बंधन, आध्यात्मिक बंधन अथवा धार्मिक बंधन है। प्रत्येक मनुष्य पांच प्रकार की रक्षा चाहता है तन की रक्षा, धर्म सतीत्व अथवा पवित्रता की रक्षा, काल के पंजे से रक्षा, सांसारिक आपदाओं से रक्षा एवं माया के बंधनों से रक्षा, लेकिन यह रक्षा हम तभी कर सकते है, जब हमारा मन शक्तिशाली होगा और मन को शक्तिशाली बनाने के लिए स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा (शिव बाबा) हम सब आत्माओं को राजयोग सिखाकर आत्मिक स्मृति का तिलक लगाना सीखा रहे हो। रक्षा करनी है तो अपनी आत्मा की पांच विकारों रूपी दुश्मन से रक्षा करे। जैसे राखी धागों में बंधी हुई होती है, ऐसे ही अपने मन को शिव पिता परमात्मा से बांधना है। प्रतिदिन मधुर वचन बोलना एवं सभी को सीखाना है। साथ ही मन-मस्तिष्क के नकारात्मक और व्यर्थ विचारों का त्याग करना है, तभी हम स्वयं की रक्षा के साथ समाज की भी रक्षा कर सकेंगे।

बंदियों को राजयोग करवाया

अंत में सभी बंदी भाईयों को मेडिटेशन अभ्यास करवाया गया। सभी बंदी भाइयों एवं जिला जेल के स्टॉफको ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांधकर प्रसाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुजीत खरे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में चेतना चौहान, रमिला सोलंकी, मानसिंह, सुधाकर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

एक नजर में

जिला स्तरीय गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ पर हुई संपन्न, दो सत्रों में हुआ आयोजन

झाबुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार की जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन कॉलेज मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 7 अगस्त को हुआ। यह गोष्ठी दो सत्रों में सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 से 4 बजे के मध्यम संपन्न हुई। प्रारंभ में वरिष्ठ परिजनों एवं अतिथियों द्वारा वेद माता गायत्री, परम् पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्माजी की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन किया गया। गोष्ठी में शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि के रूप में पधारे रामचन्द्र गायकवाड़ ने परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्माजी की जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष की 5 वर्षीय कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। शांतिकुंज प्रतिनिधि रूद्रगिरि गोस्वामी द्वारा सत्संकल्प पाठ की विस्तृत व्याख्या कर परिजनों को प्रेरित कर शताब्दी गीत और उसकी प्रेरणाओं से अवगत करवाया गया। उज्जैन उपजोन के समन्वयक श्रीकृष्ण शर्मा ने शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संगठन के विशेष निर्धारणों पर विस्तृत प्रकाश डाला। **जन्मशताब्दी संकल्प पत्र भरवाए** - तत्पश्चात् तहसील स्तर से पधारे प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने तहसील की प्रगति की जानकारी देने के साथ ही सभी से जन्मशताब्दी संकल्प पत्र भरवाए। जिसमें श्रद्धापूर्वक परिजनों द्वारा संकल्प लेते हुए आगामी आयोजनों में समयदान के साथ ही जिले से जन्मशताब्दी वर्ष में युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार को अंशदान प्रेषित करने का संकल्प लिया। गोष्ठी में शांतिकुंज हरिद्वार में आगामी जनवरी और नवंबर-2026 में आयोजित भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा, आगरा में वंदनीय माताजी के स्मारक, 5 केंद्रीय कार्यक्रमों के साथ ही वर्ष 2030 में एवं 108 स्थानों पर आयोजनों की प्रारंभिक जानकारी, मंडलों के गठन, संगठन की रीति-नीति, आगामी ज्योति कलश यात्रा विषयक मार्गदर्शन अतिथियों द्वारा प्रदान किया।

शताब्दी वर्ष के लोगों प्रदान किए-इस अवसर पर उपस्थित नैष्ठिक कार्यकर्ता भाई-बहनों द्वारा शताब्दी वर्ष में समयदान, अंशदान प्रेषित करने का संकल्प लिया गया। जिसका अभिनंदन शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली द्वारा किया गया। जिले की प्रमुख शाखाओं से पधारे परिजनों को सत्संकल्प बैनर, माताजी शताब्दी वर्ष लोगो और अखंड दीप शताब्दी वर्ष लोगो अपने सभी संस्थाओं में लगाने का संदेश दिया। गोष्ठी में जिलेभर से गायत्री परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। संचालन पं. घनश्यामदास बैरागी ने किया। आभार राजाराम पाटीदार थांदला ने माना।

बड़ा गणपति मंदिर पर हुई नीलकंठ महादेवजी की प्रतिष्ठा

झाबुआ। शहर के राजगढ़ नाका पर एमपीईबी ग्रिड स्थित प्राचीन श्री अष्टविनायक बड़ा गणपति मंदिर पर चार दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम श्री नीलकंठेश्वर महादेवजी के साथ नागदेवता, त्रिशुल एवं नंदी स्वामीजी की स्थापना हुई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सा-आनंद धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। त्रिवेणी के नीचे भगवान भोलेनाथजी का मंदिर स्थापित किया गया। मंदिर के मुख्य पूजारी दुर्गेश पांडे ने बताया की शिवजी, नंदीजी, त्रिशुल एवं नागदेवताजी को ओकारेश्वर से लाया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य लाभार्थी विद्युत मंडल के अधिकारी महेन्द्रसिंह पंवार एवं विभाग में लाईन सहायक राजेशकुमार पांडे परिवार रहा। इसके अलावा अन्य यजमानों में निलेश सोलंकी, विनय शुक्ला, रफीक खान सहित अन्य भक्तजनों ने प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सहभागिता की। प्रथम दिन श्री अष्टविनायक गणेश के अर्थवशीर्ष का पाठ संपन्न हुआ।

इस दिन ओंकारेश्वर से विशेष रूप से लाए गए नर्मदाजी के जल में भगवान भोलेनाथ को रखा गया। द्वितीय दिवस अन्नाधिवास संपन्न हुआ। तृतीय दिवस विभिन्न फलों एवं देशी गाय के दूध में शिवलिंग को रखा गया। चौथ दिन गंगा जल एवं मधु में रखकर विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की संपूर्ण क्रिया पूर्ण की गई।

आरती कर फलाहार का प्रसाद किया वितरित

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्री नीलकंठ महादेवजी के साथ नागदेवता, त्रिशुल एवं नंदी स्वामीजी की प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य पं. दशरथनंदन जानी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाई गई। इस दौरान मुख्य लाभार्थी के साथ यजमान परिवार सहित उपस्थित रहे। संध्याकाल श्री अष्टविनायक गणेश के साथ नव स्थापित भगवान शिवजी की विशेष आरती कर फरियाली खिचड़ी, मिष्ठान, लड्डू, फलाहार का प्रसाद सभी भक्तों को वितरित किया गया। पूजारी दुर्गेश पांडे ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन भगवान श्री गणेशजी के साथ श्री नीलकंठ महादेवजी की भी पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसादी का आयोजन होगा।

श्री संकट मोचन महादेवजी के साथ सूखे रंगों से खेली होली

झाबुआ। शहर से सटे देवझिरी तीर्थ स्थल पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में मां नर्मदा सेवा समिति द्वारा विशेष आयोजन किए जा रहे है। जिसमें संध्याकाल मंदिर की साफ-सफाई, दर्शन-पूजन, श्री संकट मोचन महादेवजी का विशेष अभिषेक, आरती कर प्रसादी का वितरण हो रहा है। उक्त आयोजन में मां नर्मदा सेवा समिति के सभी सदस्यों के साथ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रह रहीं है। समिति के सदस्य विजय चौहान एवं संजय डाबी ने बताया की इसी क्रम में श्रावण मास के दौरान श्री संकट मोचन महादेवजी के साथ समिति सदस्यों द्वारा सूखे रंगों से होली खेली गई। जिसमें समिति सदस्यों ने श्री संकट मोचन महादेवजी को सूखा रंग गुलाल लगाया। साथ ही अन्य देव प्रतिमाओं पर भी गुलाल लगाने के

साथ समिति सदस्यों ने एक-दूसरे पर गुलाल की वर्षा कर भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा को प्रकट किया गया। प्रतिदिन की तरह संध्याकाल मंदिर की साफ-सफाई कर भगवान का अभिषेक एवं श्रृंगार हुआ। विशेष आरती के बाद होली उत्सव मनाया गया। अंत में सभी भक्तजनों को समिति की और से फरियाली खिचड़ी, मिष्ठान, फ्ल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। श्रावण मास 9 अगस्त तक चलेगा।

मातृधरा अभियान के समापन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

झाबुआ। मातृधरा अभियान के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में आजीविका भवन झाबुआ में किया गया। 12 जुलाई से निरंतर चल रहे अभियान के तहत विभिन्न महिला संगठनों, स्कूली छात्र- छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण के साथ-साथ जन जागरूकता गतिविधियों का संचालन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि मातृधरा अभियान का उद्देश्य इसकी थीम नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति से स्पष्ट होता है। इस अभियान के तहत महिलाएं चाहे कामकाजी हो या होम मेकर सबका प्रकृति संरक्षण के लिए बराबर का सहयोग रहा। नारी शक्ति के सहयोग से समाज में भी रचनात्मक एवं सकारात्मक संदेश जाता हैं। वहीं महिलाओं के छोटे-बड़े प्रयासों की जानकारी समाज के हर वर्ग तक पहुंचती है। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के उत्साह को देखकर मन आनंदित हो गया है। साथ ही आने वाली पीढ़ी ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की है जिनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते है। कार्यक्रम में एसडीएम पेटलावद एवं मातृधरा अभियान की नोडल तनुश्री मीणा ने कहा कि मातृधरा अभियान के तहत विभिन्न महिला संगठनों एवं बच्चों ने प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधि कर जागरूकता की अलख जगायी है।

अनुभव किए सांझा- कार्यक्रम में महाशक्ति महिला मंडल राणापुर की यशवी शाह ने अपने अनुभव सांझा किये और कलेक्टर नेहा मीना को अभियान के तहत अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद स्वरूप स्वयं का तैयार की तर्ज पर आधारित पौधा भेंट किया। श्री परशुरामेश्वर रामायण मंडल मेघनगर नाका की शारदा निनामा ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि अभियान के तहत समूह की सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पर्यावरणीय भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया। उत्कृष्ट प्राथमिक विद्यालय खांडियाखाल की शिक्षिका रेणु कछावा एवं पीएम श्री कन्या विद्यालय की छात्रा द्वारा भी अपने अनुभव सांझा किये गये। कार्यक्रम में पीएम श्री शाकउमावि की छात्राओं, कन्या शिक्षा परिसर रोटला एवं अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गयी। वहीं महाशक्ति मंडल राणापुर की महिलाओं द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी। 5 वीं कक्षा के बालक रविराज डामोर द्वारा बरगद का पेड़ बनकर संरक्षण का संदेश दिया। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा भारतीय हथकरघा के संरक्षण एवं उपयोग की शपथ भी दिलायी। **पुरस्कार का किया वितरण**- मातृधरा अभियान के तहत नवाचार (नुक्कड़ नाटक भजन संध्या) में श्री परशुरामेश्वर रामायण मंडल मेघनगर नाका झाबुआ, सक्रिय सहभागिता में महाशक्ति महिला मंडल राणापुर, बेस्ट ड्रेस्ड ग्रुप में आदिवासी नारी शक्ति ग्रुप झाबुआ, फेस पेंटिंग में आजीविका मिशन से संकुल स्तरीय संगठन करवड और संकुल स्तरीय संगठन कल्याणपुरा, देवल मंदिर में वृक्षारोपण में संकुल स्तरीय संगठन राणापुर ब्लॉक राणापुर, लोगो चैंपियन प्रतियोगिता में शिवांगी बुधवंत, स्लोगन प्रतियोगिता में दीप्ति सरन, चित्रकला प्रतियोगिता में मॉडल, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गये। इस दौरान सहायक आयुक्त सुप्रिया बिसेन, एसडीएम भास्कर गाचले, बीईओ रामा आयशा कुरैशी, प्राचार्य सीमा त्रिवेदी एवं विभिन्न महिला संगठन की महिलाएं उपस्थित थी।

रिक्त सीट हेतु प्रवेश प्रक्रिया 18 एवं 19 को

झाबुआ। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट कन्या क्रीड़ा परिसर करड़ावद बड़ी में वर्ष 2025-26 में रिक्त 18 सीटों के लिए प्रवेश चयन प्रक्रिया टेलेंट सर्च के माध्यम से 18 एवं 19 अगस्त को कन्या क्रीडा परिसर के मैदान पर आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त सुप्रिया बिसेन ने बताया की छात्राओं के नवीन प्रवेश 18 रिक्त सीटों के लिए किया जाएगा। जिसमें 10 बेटरी टेस्ट एवं तीरंदाजी, क्रिकेट, एथेलेटिक्स खेल विद्याओं के लिए कौशल परीक्षण लिया जाएगा। खेल परिसर में जनजातीय सवंर्ग की छात्राओं की आयु वर्ग 11 से 14 वर्ष मिनी, 14 से 16 वर्ष जूनियर की छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा में चयन हेतु निर्धारित बेटरी टेस्ट में 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में प्रवेश के समय कक्षा 5वीं, 6वीं, एवं 7वीं की मूल अंक सूची, प्रोफाईल पंजीयन, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की मूलप्रति एवं पासपोर्ट साईज दो फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

सड़क हादसे में युवती की मौत

इंदौर. बुधवार देर रात और गुरुवार सुबह हुए दो अलग-अलग हादसों में एक 23 वर्षीय युवती की जान चली गई, जबकि महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों ही मामलों में ट्रक और कार चालक की लापरवाही सामने आई है, जिनके खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है.

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के केलोद फाटे के पास बुधवार रात 11.40 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी. घटना में 23 वर्षीय आस्था सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी 25 वर्षीय जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों बायपास रोड से गुजर रहे थे तभी ट्रक नम्बर एमपी 09 एचजी 2179 ने तेज़ गति और लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी.

पीड़ित मानवता की सेवा करना हर मनुष्य का परम लक्ष्य हो: प्रेमलता

पेटलावद। पीड़ित मानवता की सेवा और जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करना हर मानव का परम ध्येय होना चाहिए। लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर के द्वारा भी सेवा गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य की प्राप्ति की जा रही है। उक्त बात रीजन चेयरपर्सन लायन प्रेमलता दवे ने लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर के द्वारा स्कूल बेग वितरण अभियान में बालिका छात्रावास बावड़ी में बालिकाओं को वॉटरप्रूफ स्कूल बेग, कापी, अन्य शिक्षण सामग्री व फल वितरण के दरम्यान कहीं। इस अवसर पर रीजन के सचिव लायन नीरज सिरोलिया भी उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्रावास की बालिकाओं के साथ रीजन चेयरपर्सन ने चर्चा की और उन्हें पढ़ने की शिक्षा दी। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन जीवन भंडारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा को बढ़ावा देना और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ जरूरतमंद की मदद करना है। लब के द्वारा स्कूल बेग और कॉपियों का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर द्वारा सम्मानित किया गया।

झोंसर में भी बेग व कॉपियां वितरण किये।

लायंस क्लब के सदस्यों ने एकीकृत हाइस्कूल झोंसर में पहुंचकर स्कूल बेग व कॉपियां वितरीत की। प्राचार्य शांतिलाल सिंगाड, शांतिलाल गेहलोत, प्रतापसिंह राठौर, जगदीश पाटीदार, बेनेदिक्त मावी, हेमलता सामवेदी, सुशिला देवडा, रीना परमार आदि के साथ क्लब के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस मौके पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन अनिल शर्मा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सुरेश प्रजापति, लायन रविराज पुरोहित, कोषाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वैरागी,छात्रावास अधिक्षीका जिज्ञासा भट्ट,लायन चंद्रशेखर गुप्ता, लायन दीपक सोलंकी,प्रवीण पंवार, राजेश सिंधराज, उषा प्रजापति, अमिता भंडारी, अनिता प्रजापति, सहायक अधिक्षीका कैलाश गामड आदि उपस्थित रहे। संचालन लायन राजेश यादव ने किया और अंत में आभार सचिव लायन वीरेंद्र भट्ट ने माना।

एक नजर

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

समीक्षा बैठक में जिले में 1950 सैम व बॉडर लाइन मैम बच्चों को चिन्हित किया

झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में प्रात: महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सर्वप्रथम कुपोषण की समीक्षा की गई। अभियान अंतर्गत जिले में कुल 1950 सैम व बॉडर लाइन मैम बच्चों को चिन्हित किया गया जिनमें से 1523 बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाया गया। शेष बच्चों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर सामान्य श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। अति कम वजन वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन की स्थिति की समीक्षा कर किराए के भवन में संचालित आंगनवाड़ी हेतु प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। कार्यकर्ता, सहायिका के रिक्त भरे पदों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा कर झाबुआ सीडीपीओ की प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। झाबुआ की बॉटम 2 सुपरवाइजर की एक वेतन वृद्धि संचय रूप से रोकने के निर्देश दिए। पेटलावद की प्रगति नहीं होने से बॉटम 3 सुपरवाइजर की भी एक

वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए। योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली टॉप 20 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं टॉप 5 सुपरवाइज़र को सम्मिलित किया जाएगा। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। लाड़ली लक्ष्मी योजना में खराब प्रगति के कारण झाबुआ व थांदला सीडीपीओ को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। योजना अंतर्गत अंतिम छ: माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। योजना अंतर्गत पेटलावद परियोजना में बॉटम 2 सुपरवाइज़र सेक्टर मोहनपुरा एवं हमीरगढ़ की दो वेतन वृद्धि असंचय प्रभाव से रोके जाने के निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा समस्त सीडीपीओ को अपनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग कराई जाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। अगली टीएल में समीक्षा की जाएगी। टीएचआर वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा कहा गया कि बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र पर संचालित दिवस में प्रतिदिन तीन समय का गुणवत्तापूर्ण व मेनु अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि यदि कोई समूह कार्य नहीं कर रहा हो तो उस समूह को तत्काल हटाया जाए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बघेल द्वारा स्पॉन्सरशीप योजना अंतर्गत 240 बच्चों, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना अंतर्गत 72 बच्चों, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत एक बच्चें एवं मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना अंतर्गत एक बच्चें को इस प्रकार कुल 314 बच्चों को लाभान्वित किया गया है तथा 20 बच्चों के प्रकरण प्रक्रियाधीन है। उन्होंने जिले में परियोजना एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के भ्रमण की जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा सीडीपीओ मेघनगर द्वारा माह जुलाई में एक भी भ्रमण नहीं किए जाने के कारण कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिए कि शेड्यूल निर्धारित कर सुपरवाइज़रों की बैठक आयोजित करे। कुपोषण हेतु स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर सक्रियता से कार्य करे। प्रतिदिन एक आंगनवाड़ी का निरीक्षण करे। खराब परफेर्मेंस वाली आंगनवाड़ियों का पहले निरीक्षण करें। कलेक्टर द्वारा टॉप 5 अच्छी प्रगति वाली आंगनवाड़ियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मिलित किया जाएगा।